हिन्दी पखवाड़ा समारोह (14 **से** 29 **सितम्बर** 2023)

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भा. कृ. अनु. प.- काजरी, कुकमा, भुज में दिनांक 14 **से** 29 **सितम्बर** 2023 **तक**, **हिन्दी पखवाड़ा समारोह** का आयोजन किया जा रहा है । कार्यालय काम-काज में हिंदी भाषा को बढावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में स्थायी कर्मचारीगणों के साथ-साथ सभी सहयोगी साथी भी भाग ले रहें है । दिनांक 14 सितंबर को उदघाटन समारोह मे कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसकी अध्यक्षता संस्था प्रधान, डॉ. मनीष कावंट, अध्यक्ष काजरी, कुकमा, भुज ने की ओर सभी प्रतिभागियों को पूर्ण उत्साह और उमंग से भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया। डॉ. सीताराम जाट (तकनीकी अधिकारी) ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुये संचालन के दौरान कार्यक्रम की विषयवस्तु एवं रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। श्री अभिषेक पटेल (वैज्ञानिक) ने इस पखवाड़े में होने वाले सभी प्रतियोगिताओं जिनमें शामिल है, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, प्रश्नोत्तरी, कम्प्युटर पर हिंदी टंकण, निबंध लेखन, आशु भाषण, हिंदी शोधपत्र प्रदर्शनी, वाद विवाद, चित्रकला, हिंदी व्याकरण (मुहावरे, लोकोक्ति एवं पर्यायवाची शब्द) और स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता इत्यादि का संक्षिप्त परिचय दिया। समारोह के अंतिम दिन कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह भी रखा गया है, जीसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरुष्कृत करके उनका उत्साह वर्धन भी किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शीतल के.आर. ने हिंदी भाषा के महत्त्व पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम को सभी प्रतिभागियों के लिए फायदेमंद बताते हुए हिन्दी भाषा का सतत प्रयोग कार्यालय के कमकाजों में भी करते रहने का आग्रह डॉ. रंजिथ पी. एस. ने किया ओर साथ ही साथ सभी प्रतिभागियों का उद्घाटन समारोह में शामिल होकर इसकी शोभा बढ़ाने के लिए हर्द्य से आभार प्रगट किया ।